हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार 30 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री से.
न्यूनतम 28.0 डिग्री से.

10 जिले के 423 प्राथमिक स्कूलों में उत्साहपूर्वक..



10 अप्रूव्ड कॉलोनी में सीवरेज न होने से बढ़ रही परेशानी



## खबर संक्षेप

### घर का ताला तोड़कर नकदी-जेवरात चोरी

**जींद।** सफीदों रोड के देवीलाल नगर में चोरो ने मकान का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात तथा 70 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना के दौरान परिजन कार्यवश बाहर गए हुए थे। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। देवीलाल नगर निवासी सतनारायण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा गुरूग्राम में रहता है। उसकी पत्नी बेटी के पास गई हुई थी। वह भी गत 18 जुलाई को मकान पर ताला लगा बाहर चला गया था।

### ईंट-भट्ठा कारोबारी के खाते से 1.67 लाख रुपये गायब

**जींद।** साइबर ठगों ने ईंट-भट्ठा कारोबारी के फोन को हैक कर खाते से एक लाख 67 लाख रुपये उड़ा लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना निवासी मनजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जुलाई को उसके बैंक खाते से दो बार में 9991 तथा 90 हजार रुपये कट गए। जिसके बाद 26 को फिर 67 हजार कट गए। 67 हजार कटने का उसके पास मैसेज आया। जबकि न तो कोई लिंक क्लिक किया और न ही कटी राशि का कोई मैसेज आया।

### चोरी की आरोपित महिला एक साल बाद गिरफ्तार

**जींद।** एवीटी स्टाफ ने लुदाना पावर हाउस से खेड़ी तलोड़ा तक बिछाई गई 33केवी बिजली लाइन से 1980 मीटर एसीएसआर कंडक्टर चोरी करने की आरोपित महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। यह महिला एक साल से फरार चल रही थी। मंगलवार को पुलिस ने आरोपित महिला गांव बोहतवाला निवासी अनिता उर्फ पिंजरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### हमला करने पर सरंपच समेत नौ लोगों पर केस

**जींद।** गांव मुआना घर में घुस कर हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने गांव के सरपंच समेत नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मुआना निवासी सतपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके मकान से कुछ दूरी पर बैठक बनाई हुई है। देर शाम को वह बैठक से घर रहा था। रास्ते में गांव के ही अशोक ने उसे रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी।

### आजादी पर्व की तैयारियों को लेकर बैठक तीन को

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि जिला स्तर पर 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर तीन अगस्त को लघु सचिवालय के सभागार में बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा करेंगी। बैठक के संबंधित अधिकारियों को कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के लिए सभी अधिकारी निर्धारित तिथि को समय पर पंहुचें।

# शिवभक्तों को मिलेंगे चार सोमवार, दुर्लभ रहेंगे संयोग, मंदिरों में विशेष प्रबंध

## आज से प्रारंभ होगा सावन माह, कांवड़ियों का होगा आवागमन शुरू



जींद। जयंती देवी मंदिर, जिसे शिवभक्तों के लिए सजाया है। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सावन माह की शुरूआत वीरवार से होने जा रही है। शिवभक्तों को भगवान शिव की पूजा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिरों में वालेंटियरों की डयूटी लगा दी गई है। इसके अलावा बेरिकेटिंग भी कर दी गई है ताकि जल चढाते हुए धक्का-मुक्की न हो। वहीं पुलिस द्वारा भी काविडयों के आवागमन को देखते हुए विशेष प्रबंध किए गए हैं। एसपी कुलदीप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गशत करें, मंदिरों एवं प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखें तथा प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और शांतिपूर्ण दर्शन सुनिश्चित करें। सावन का महीना 30 जुलाई वीरवार से शुरू होने जा रहा है। इस दौरान शिवभक्तों को चार सोमवार भी पूजा अर्चना के लिए मिलेंगे। वहीं सावन में इस बार दुर्लभ संयोग भी बन रहे हैं। सावन माह में इस बार श्रवण नक्षत्र, आयुष्मान योग और सौभाग्य योग के शुभ संयोग मिलेंगे। इन शुभ योगों में भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक का विशेष महत्व माना गया है। सावन माह का पहला सोमवार तीन अगस्त को होगा। 28 अगस्त को सावन माह का समापन होगा। सावन माह में काविडये भी हरिद्वार का रूख करेंगे। काविडयों की सेवा के लिए जगह-जगह शिविर लगने शुरू हो जाएंगे। सफीदों रोड, गोहाना रोड पर ही अधिकतर श्रद्धालुओं द्वारा काविडयों के लिए सेवा शिविर लगाए जाते हैं। सावन माह में हरिद्वार से जल लाने वाले कांवडिये जिले में अलग-अलग रास्तों से गुजरेंगे। जो हरिद्वार, यमुनोत्री, गंगोत्री व गोमुख से गंगाजल लेकर आते हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा भी व्यवस्था बनाई गई है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कावड़ियों व श्रद्धालुओं से कहा है कि सभी यातायात व सुरक्षा नियमों का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें। मंदिरों में कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक दर्शन करें। बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं का सम्मान करें। अपने सामान का विशेष ध्यान रखें।

### भगवान आशुतोष के जलाभिषेक की तैयारियां पूरी

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन माह में भगवान शिव की उपासना से विशेष लाभ मिलता है। मंदिर परिसर में भगवान शिव के जलाभिषेक को लेकर सभी तैयारियां पूरी ली गई हैं। भगवान शिव को भी सावन माह बेहद प्रिय है। सावन के दौरान शिवभक्त अपने आराध्य को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं, कावड़ यात्रा करते हैं और साथ ही शिव भगवान के पवित्र मंदिरों का दर्शन करने भी जाते हैं।

## एसडीओ ने गांव के पावर हाउस से जोड़ने का आश्वासन देकर खुलवाया

# बिजली समस्या को लेकर लगाया जाम

## खेतों की बिजली शेडयूल अनुसार न मिलने के कारण उठाया कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बुढाखेड़ा के किसानों ने बुधवार को सुबह खेतों को शेडयूल अनुसार बिजली न मिलने से खफा होकर जींद-सफीदों मार्ग पर जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि एक तो बारिश नही हो पा रही है। दूसरी तरफ बिजला भी पर्याप्त नही मिल रही है। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस तथा बिजली निगम के एसडीओ मौके पर पहुंच गए और गांव के बिजली घर से लाइन जोडने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। लगभग एक घंटे लगे जाम के कारण वाहन चालकों तथा यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गांव बुढाखेड़ा के किसानों का बुधवार को सुबह उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब किसानों को शेडयूल अनुसार खेतों की बिजली नही मिली। खफा किसान गांव के बस अड्डे पर आ गए और सड़क पर अवरोधक डाल कर जाम लगा दिया। किसानों का कहना था कि एक तो मानसून दगा दे रही है। दूसरी तरफ उन्हें सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली भी नही मिल रही है। बार-बार बिजली के कट लग रहे हैं। बारिश न होने कारण फसलों के लिए बिजली टयूबवैल सहारा बने हुए हैं। अब उन्हें बिजली भी नही मिल रही है। जिससे उनकी फसलों को पानी नही मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि उनके खेतों की सप्लाई को खेड़ी पावर हाउस से जोड़ा गया है। जबकि उनकी खेतो की बिजली लाइन को खेड़ी से हटा कर गांव के पावर हाउस से जोड़ा जाए ताकि उनके खेतों को सिंचाई के लिए पानी मिल सके। जाम लगने की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंच गई और किसानों को शांत करने की कोशिश की लेकिन किसान निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। आखिरकार बिजली निगम के एसडीओ महेंद्र सिंह किसानों के बीच पहुंचे। किसानों को आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के अंदर उनकी बिजली लाइन को खेड़ी बिजली घर से हटा कर गांव के 33 केवी लाइन से जोड़ दिया जाएगा। जिसके बाद किसानों ने जाम खोल दिया। लगभग एक घंटा लगे जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालको को परेशानी का सामना करना पड़ा।



जाम में फंसे वाहन।

### समस्या का समाधान करवा दिया

सदर थाना सफीदों प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि बिजली की समस्या को लेकर लोग सड़क पर आ गए थे। बिजली निगम के अधिकारियों को बुला कर समस्या का समाधान करवा दिया गया। जिस पर लोग शांत हो गए और घर चले गए हैं।



कैथल। नशा तस्कर पुलिस गिरफ्त में। फोटो :हरिभूमि

### 1.125 किलोग्राम गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल कैथल द्वारा कांगथली से एक नशा तस्कर को 1 किलो 125 ग्राम गांजा फूल-पत्ती सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम अपराधों की रोकथाम एवं गश्त के दौरान गांव कांगथली क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक गुप्त सूचना मिली की डेरा राये सिख, गांव कांगथली निवासी मंजीत सिंह काफी समय से गांजा बेचने का अवैध कारोबार करता है तथा इस समय गांव कांगथली से गांव सौथा जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास किसी ग्राहक को गांजा सप्लाई करने के लिए खड़ा है। पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देकर तुरंत गांव कांगथली से गांव सौथा जाने वाले मार्ग पर दबिश संदिग्ध मंजीत उपरोक्त को काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी सुशील प्रकाश के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के कब्जे में एक पॉलीथिन से 1 किलो 125 ग्राम गांजा फूल-पत्ती बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सीवन में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एएसआई गुरदीप द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### वेयरहाउस के लिए उपयुक्त जगह की तलाश में टीम ने भूना का किया दौरा

**गुहला-चीका।** सांसद नवीन जिंदल के प्रयास से अन्न भंडारण की व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर केंद्रीय खाद्य भंडारण निगम एवं नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने गांव भूना का दौरा किया। टीम ने गांव में वेयरहाउस के निर्माण के लिए पंचायत द्वारा प्रस्तावित की गई जगह की उपयुक्त अवस्था को लेकर निरीक्षण किया। कोऑर्डिनेटर ईशान पांडे ने बताया कि नवीन कृषि संकल्प शिविर से प्रभावित होकर कई ग्राम पंचायतें अन्न भंडारण के पंचायती जमीन देने को तैयार हुई हैं। इसी कड़ी में भूना का केंद्रीय भंडारण निगम के अधिकारियों, कृषि विशेषज्ञ और नवीन जिंदल फाउंडेशन की टीम ने गोदाम बनाने के लिए उपयुक्त भूमि के निरीक्षण किया। सीडब्लूसी के डीजीएम विंध्य गौरव ने बताया कि यदि कोई ग्राम पंचायत वेयर हाउस बनाने के लिए पंचायती जमीन लीज पर देती है तो उसे 33 वर्ष तक सरकार द्वारा लिए जाने का प्रावधान है।

### पांच मामलों में 6 आरोपी गिरफ्तार, 6 अवैध हथियार और 5 कारतूस बरामद

**कैथल।** पुलिस द्वारा 3 दिन के लिए विशेष तौर पर एक ऑपरेशन हथियार चलाया गया। जिसके तहत कैथल पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते 5 मामलों में 6 आरोपियों को काबू किया गया। आरोपियों के कब्जे से 4 देशी कट्टे व 2 पिस्तौल सहित कुल 6 अवैध हथियार तथा 5 कारतुस बरामद हुए। ये सभी अपराधी अवैध हथियार से किसी अप्रिय वारदात को अंजाम दे सकते थे। संभवत कैथल पुलिस ने अप्रिय घटनाओं पर रोक लगाते आरोपियों को काबू कर लिया गया। जुलाई में पुलिस ने 12 मामलों में 18 आरोपी काबू कर 13 अवैध असले व 9 कारतूस बरामद किए है। डीएसपी सुशील ने बताया कि एसआई मुकेश की अगुवाई में एचसी सुशील की टीम को गुप्त मिली की नैथला बागपत यूपी निवासी रविंद्र अवैध असला लिए करनाल से कैथल रोड़ मोहना पर नेशनल हाईवे 152डी पुल के नीचे इंतजार में खड़ा हैं।



जींद। डीसी को ज्ञापन सौंपते गांधी गली आशरी गेट मार्केट एसो.के सदस्य।

### जल्द समाधान नहीं तो आंदोलन को मजबूर: व्यापारी

**जींद।** गांधी गली आशरी गेट मार्केट एसो ने गांधी गली क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण, गंदगी और अव्यवस्थित सफाई व्यवस्था के खिलाफ उपायुक्त, नगर आयुक्त एवं नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसो ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी और स्थानीय नागरिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। एसो के प्रधान राकेश तायल, उपप्रधान सतीश सोनी और सचिव अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि गांधी गली में दुकानदारों और अन्य लोगों द्वारा सड़क पर पांच-पांच फुट तक मेजें लगा कर अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके कारण आमजन और ग्राहकों के आवागमन में परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की ओर से समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाती है लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से स्थिति जस की तस हो जाती है। एसो ने ज्ञापन में बताया कि गांधी गली से सटे खाली प्लाट में लगातार कूड़ा, कचरा डाला जा रहा है।

### जींद: स्मैक के साथ बाइक सवार युवक-युवती पकड़े

**जींद।** सीआइए स्टाफ नरवाना ने हिसार रोड पर निजी स्कूल के निकट बाइक सवार युवक तथा युवती को काबू कर उनके कब्जे से 10.80 ग्राम स्मैक बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना की सूचना मिली थी कि हांसी निवासी प्रदीप तथा नरवाना निवासी नेहा नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करते हैं। दोनों नशीले पदार्थ स्पलाई के हिसार रोड पर जाने वाले हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने नाकेबंदी कर नरवाना की तरफ से आने वाले वाहनों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ समय के बाद नरवाना की तरफ से बाइक सवार युवक-युवती आते दिखाई दिए। नाकेबंदी देख वापस मुड़ने की कोशिश की तो पुलिस ने पीछा कर उन्हें काबू कर लिया।

## रोजाना बिना बरसे लौट रहे बादल, बारिश की उम्मीद में किसान

# सुबह निकली तेज धूप, उमस ने निकाला पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बुधवार को सुबह से ही तेज धूप निकली और उमसभरी गर्मी से लोगों को परेशनी का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से आसमान में बादल तो छा रहे हैं लेकिन बारिश नहीं होने से गर्मी और उमस लगातार बढ़ रही है। जिसने किसानों की चिंता को बढा दिया है। किसान लगातार आसमान की तरफ टकटकी लगाए देख रहे हैं। धान उत्पादक किसानों का कहना है कि अगर बारिश नही हुई तो उन्हें महंगा डीजल फूंक कर फसल को बचाना होगा। जिससे फसल की लागत बढ़ जाएगी। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आसमान में बादल छाने की संभावना बनी रहेगी लेकिन सभी क्षेत्रों में बारिश की संभावना नहीं है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। दोपहर तक धूप के तेवर तेज होने से बाजारों और सड़कों पर लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। अधिकतम तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जबकि उमस के कारण वास्तविक गर्मी इससे अधिक महसूस की गई। सुबह के समय ही चिलचिलाती धूप निकलने से दिनभर उमस का असर बना रहा। बिजली की बढ़ती खपत के चलते कूलर और एयर कंडीशनर का उपयोग भी बढ़ गया। दूसरी ओर किसानों की नजरें आसमान पर टिकी हुई हैं। धान, बाजरा और अन्य खरीफ पुसलों के लिए इस समय बारिश बेहद जरूरी मानी जा रही है। पिछले कई दिनों से बादल बनने के बावजूद बारिश नहीं होने से खेतों में नमी कम होने लगी है। जिन किसानों के पास सिंचाई के सीमित साधन हैं, उनकी चिंता बढ़ गई है। वहीं किसानों को मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर फसलों की सिंचाई करने की सलाह दी गई है।



खेत में लगी धान फसल।



## खबर संक्षेप

### किसान 31 जुलाई तक करवाएं फसल बीमा

**जींद।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. गिरीश नागपाल ने जिला के सभी किसानों से अपील की है कि वे फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ की अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करवा लें। बताया है कि बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम की अधिसूचित सभी फसलें बीमा सुरक्षा के दायरे में शामिल हैं। कपास, धान, बाजरा व मक्का के लिए किसान प्रीमियम राशि 5706.80 रुपये प्रति हेक्टेयर, 2231.22 रुपये प्रति हेक्टेयर, 1075.58 प्रति हेक्टेयर तथा 1144.22 रुपये प्रति हेक्टेयर है।

### चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल में श्रद्धा से मनाई गुरु पूर्णिमा

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व गुरु वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने गुरुजनों का तिलक कर, पुष्पमालाएँ अर्पित कर एवं चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। विद्यार्थियों ने भाषण, कविता व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु के महत्व को उजागर किया। प्रधानाचार्या रीतू अत्री ने कहा कि गुरु जीवन को सही दिशा देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। विद्यार्थियों ने गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने तथा अनुशासन व संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया।

### एसआईआर को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्ग दर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में जिले के सभी पंजीयन निर्वाचक अधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी तथा अतिरिक्त सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी उपस्थित रहे।

### नवचयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों का सम्मान

**उचाना।** चाणक्य इंटरनेशनल स्कूल कसूहन में बुधवार को नीट परीक्षा में सफल उचाना हलके के एक दर्जन से अधिक अभ्यार्थियों तथा हाल ही में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयनित युवाओं के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने सभी प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली युवा देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### विद्यार्थियों की आवाजाही सुरक्षित सुनिश्चित की जाए

**जींद।** डीसी डा. वैशाली शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाए। डीसी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा सुरक्षित स्कूल वाहन पोलिसी को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। इस दौरान पिछली बैठक के एजेंडा बिंदुओं की भी समीक्षा की गई और नए बिंदु भी शामिल किए गए।

### नाबालिग को भगा ले जाने वाला आरोपी काबू

**कैथल।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहका-फुसलाकर भगा ले जाने तथा दुराचार मामले की जांच थाना सीवन एसएचओ एसआई जयभगवान की अगुवाई में एसआई धनपति द्वारा करते हुए आरोपी रवि को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सीवन अंतर्गत क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार 12 अप्रैल को उसकी करीब 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को उनके ही गांव का उक्त आरोपी रवि शादी का झांसा देकर बहका-फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस द्वारा नाबालिगा बरामद की जा चुकी है। जिसकी मेडिकल जांच उपरांत दुराचार की पुष्टि हुई।

निपुण मिशन के पांच वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम का आयोजन

# जिले के 423 प्राथमिक स्कूलों में उत्साहपूर्वक मनाया पीटीएम उत्सव

## नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

निपुण हरियाणा मिशन के सफल पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को जिला जींद के सभी 423 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का भव्य आयोजन किया गया। जिलेभर के विद्यालयों में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला। विद्यालयों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों, सीखने की प्रगति तथा विद्यालयों में अपनाई जा रही नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण मिशन ने पिछले पांच वर्षों में बच्चों की आधारभूत भाषा एवं गणना संबंधी दक्षताओं को विकसित करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। इसी उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाने तथा अभिभावकों को बच्चों की सीखने की प्रक्रिया से और अधिक जोडऩे के उद्देश्य से जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में एक साथ पीटीएम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए अनेक रचनात्मक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। बच्चों ने हिंदी पठन, हिंदी लेखन, भाषण प्रतियोगिता, कविता वाचन, कहानी प्रस्तुति तथा अन्य भाषा आधारित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने अपने आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और सीखने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी अभिभावकों ने भी भरपूर सराहना की। पीटीएम के दौरान अध्यापकों ने अभिभावकों को यह भी बताया कि विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के लिए किस प्रकार टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री), प्रिंट रिच सामग्री, गतिविधि आधारित शिक्षण, समूह कार्य, खेल-खेल में सीखना तथा विभिन्न नवाचार आधारित शिक्षण विधियों का प्रयोग किया जा रहा है। शिक्षकों ने अभिभावकों को कक्षा में उपयोग की जाने वाली शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन कर यह समझाया कि इन गतिविधियों से बच्चों की भाषा एवं गणितीय समझ को किस प्रकार मजबूत बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट रही। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों की सीखने की वर्तमान स्थिति, उनकी उपलब्धियों तथा भविष्य की शैक्षणिक आवश्यकताओं से अवगत कराया। अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यालयों में हो रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। अनेक अभिभावकों ने कहा कि बच्चों में पहले की अपेक्षा पढऩे, लिखने और आत्मविश्वास के स्तर में स्पष्ट सुधार दिखाई दे रहा है।इस अवसर पर विद्यालयों में निपुण बनने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया ताकि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके। साथ ही निपुण मिशन को प्रभावी ढंग से लागू करने वाले व नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को भी स मानित किया गया। इस स मान समारोह ने पूरे आयोजन को और अधिक प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक विद्यालय में निपुण स्थल भी स्थापित किया गया, जो पूरे आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। इस स्थल पर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई शैक्षणिक सामग्री, गतिविधि आधारित मॉडल, भाषा एवं गणित से संबंधित शिक्षण सामग्री, टीएलएम, प्रिंट रिच संसाधन तथा विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों को प्रदर्शित किया गया। अभिभावकों ने निपुण स्थल का अवलोकन करते हुए विद्यालयों में हो रहे नवाचारों की सराहना की। यह स्थल न केवल बच्चों की उपलब्धियों का प्रदर्शन बना बल्कि अन्य विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए भी प्रेरणा का केंद्र साबित हुआ। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने कहा कि निपुण मिशन का उद्देश्य केवल बच्चों को पढ़ाना नहीं, बल्कि उन्हें समझने, सोचने, लिखने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने में सक्षम बनाना है।


जींद। पीटीएम में भाग लेने आए अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### पीटीएम का अवलोकन किया

पूरे जिले में आयोजित इस सामूहिक पीटीएम ने यह संदेश दिया कि निपुण हरियाणा मिशन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नही बल्कि प्रत्येक बच्चे को आधारभूत साक्षरता एवं सं यात्मक दक्षता से सशक्त बनाने का जनआंदोलन बन चुका है। निपुण मिशन के पांच वर्ष पूरे होने का यह उत्सव जिले के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और सामुदायिक सहभागिता का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने मॉडल संस्कृति स्कूल जींद शहर, राजकीय प्राथमिक स्कूल कंडेला, राजकीय प्राथमिक स्कूल शाहपुर पीटीएम का अवलोकन किया।


जींद। रोष जताते हुए कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

# अप्रूव्ड कॉलोनी में सीवरेज न होने से बढ़ रही परेशानी

■ न्यू जवाहर कालोनीवासियों ने की मूलभूत सुविधाएं उपलबध करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

सफीदों रोड स्थित न्यू जवाहर नगर कालोनीवासियों ने मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न करवाने को लेकर नगर परिषद व पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यशैली को लेकर रोष जताया है। न्यू जवाहर नगर के गली नंबर 10 के निवासी तरुण ने बताया कि हमारी कालोनी शहर के अप्रूब्ड एरिया में आती है लेकिन अभीतक न तो सीवर की पाइपलाइन बिछाई गई है ओर ना ही गली को पक्का किया गया है।

सीवरेज समस्या को लेकर कई बार अधिकारियों से मिल चुके हैं लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बारिश के समय पानी भरने के कारण उनका निकलना तक मुश्किल हो जात है। कालोनी की गलियां कीचड़ से अटी हैं। कई बार कालोनी की गलियों में मौजूद गड्ढों में गिर कर लोग घायल भी हो चुके हैं। अब बारिश का समय है जरा सा पानी मच्छरों की भरमार लग जाती है। जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा भी लगातार बना हुआ है। अगर दोनों विभाग इस समस्या का जल्द समाधान नहीं करते तो हम बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। इस मौके पर अनूप कालीरमन, परमजीत सिंह, राकेश कुमार, कुलबीर सिंह, मंगत राम शास्त्री, गुरदेव, सोमबीर रोहिल्ला, अनिल कुमार, परवीन कुमार, विक्की, सुनील कुमार, संतोष आदि मौजूद रहे।

### जल्द होगा समाधान

नगर परिषद के जेई महेश ने कहा कालोनी में नई पाइप लाइन बिछाने को लेकर टेंडर लगाया था। टेंडर अलॉट होने के बाद जल्द काम शुरू करवा दिया जाएगा। उम्मीद है कि 15 अगस्त तक कालोनी में नई सीवरेज लाइन बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। विभाग का प्रयास है कि लोगों को बेहतर सुविधा दी जाए।

### इनरव्हील क्लब यूनाइटेड ने लगाए फलदार पौधे

**जींद।** इनर व्हील क्लब जींद यूनाइटेड की ओर से मंगलवार को गोपाल विद्या मंदिर स्कूल में पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य और क्लब के सदस्यों ने मिलकर पौधारोपण किया। क्लब की अध्यक्ष मंजू मानव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान फलदार पौधे लगाए गए। जिसमें अंजीर, जामुन के पौधे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेवारी निभानी चाहिए। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी जरूरी है। गोपाल विद्या मंदिर के प्रिंसिपल ने कहा कि हमारे यहां पौधों की, बच्चों की तरह देखभाल की जाती है। इस पौधारोपण अभियान में स्कूल के प्रिंसिपल अजय, क्लब अध्यक्षा मंजू मानव, नीना गेरा, कविता आहूजा, नैंसी, अंजना रेढ़ू मुख्य रूप से मौजूद रहे।



जींद। फलदार पौधे लगाते क्लब सदस्य। फोटो :हरिभूमि


जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### तीन दिवसीय राज्य व्यापी हड़ताल का ऐलान

**जींद।** हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बिजली क्षेत्र में निजीकरण के विरोध तथा कर्मचारियों एवं अधिकारियों की मांगों को लेकर बिजली कर्मियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बिजली निगम कर्मचारी गोहाना रोड से नारेबाजी करते लघु सचिवालय पहुंचे और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता संयुक्त रूप से धर्मबीर भंभेवा, इंजीनियर जोगिंदर कौशिक और सुनील छाछिया तथा मंच संचालन सर्किल सचिव अनिल पूनिया ने की। कहा कि हमारा लक्ष्य हरियाणा सरकार को डीसी के माध्यम से ज्ञापन देकर यह चेताना है कि सरकार के पास कर्मचारियों और अधिकारीयों की मांगों का डिमांड चार्टर कई दिन पहले से ही यूनियन डेलीगेट दोबारा दिया है। सभी कर्मचारी एवं अधिकारी 11 से 13 अगस्त तक तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल पर रहेंगे। जोगिंद्र कौशिक, कार्यकारी अभियंता अमित सिंह, दीपक नैन आदि मौजूद थे।

### हर रविवार ड्राई-डे मनाएं, घर में पानी जमा न होने दें

**जींद।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे डेंगू रोधी माह के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव झांझ कलां में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू कमलेश एवं भूपेंद्र यादव ने ग्रामीणों को डेंगू तथा अन्य मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ एवं रुके हुए पानी में पनपता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर, आंगन तथा आसपास के क्षेत्र में पानी जमा नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से प्रत्येक रविवार को ड्राई डे मनाने का आग्रह करते हुए कहा कि कूलर, पानी की टंकियां, फ्रिज की ट्रे, गमले, पुराने टायर, बाल्टियां तथा अन्य पानी एकत्र करने वाले बर्तनों को सप्ताह में एक बार अवश्य खाली कर अच्छी तरह साफ एवं सूखा रखें।


जींद। ग्रामीणों को जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि


जींद। प्रतिभावान छात्रा को सम्मानित करते डॉ. रमेश पांचाल।

### शिक्षा सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम

**जींद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद जींद के तत्वावधान में राजकीय उच्च विद्यालय दरियावाला में मेधावी अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। केंद्रीय आर्य युवक परिषद द्वारा समारोह में राजकीय उच्च विद्यालय दरियावाला के साथ राजकीय उच्च विद्यालय जुलानी व राजकीय उच्च विद्यालय जींद जंक्शन के दसवीं कक्षा में मेरिट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में नागरिक अस्पताल के पूर्व डिप्टी सीएमओ एवं वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. रमेश पांचाल ने शिरकत की। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के मुख्याध्यापक डा. रमेश धारीवाल ने की। मुख्य अतिथि डा. रमेश पांचाल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सबसे सशक्त माध्यम है। शिक्षा मनुष्य को ज्ञान, संस्कार, आत्मविश्वास और सही निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करती है।


जींद। बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजन। फोटो :हरिभूमि

### विद्यार्थियों ने नॉन फायर कुकिंग से व्यंजन बनाए

**जींद।** डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य डा. नीरज कुमार के सानिध्य में तीन दिवसीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह, रचनात्मकता एवं उत्कृष्ट पाक कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 140 छात्रों ने भाग लिया। जिनमें से 128 विद्यार्थियों ने नॉन फायर कुकिंग तथा 12 छात्रों ने फायर कुकिंग प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों की प्रस्तुति, स्वाद, स्वच्छता, नवीनता एवं रचनात्मकता अत्यंत सराहनीय रही। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं और विविध कलात्मक कौशल को एक नया मंच मिला। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप कक्षा छठी से आठवीं वर्ग में यशदीप एवं गर्वित तथा कक्षा नौंवी से बारहवीं वर्ग में प्रवजोत एवं वासु ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते शीर्ष स्थान प्राप्त किया। ये चारों विद्यार्थी अब आगामी क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिल्ली में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा संगठन होगा चट्टान की तरह मजबूत : डॉ. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

भाजपा वरिष्ठ नेता डा. पुष्पा तायल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाली भाजपा पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में हरियाणा भाजपा का संगठन मजबूत होगा और आने वाले 2029 के विधानसभा चुनाव में हरियाणा में चौथी बार भाजपा की सरकार बनेगी। जिन 43 सीटों पर भाजपा की 2024 के चुनाव में हार हुई है, उन सीटों पर भाजपा फोकस करेगी व 2029 में जीत दर्ज करेगी। इसी तरह लोकसभा के चुनाव में जिन पांच सीटों पर भाजपा की हार हुई है, उनको जीतने का लक्ष्य प्राप्त करेगी। डा. अर्चना गुप्ता भाजपा की एक मजबूत सेनापती हैं व उनके नेतृत्व में भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक भाजपा को मजबूत करने का काम करेगा। गुप्ता के आने से पुरुष कार्यकर्ताओं के साथ साथ महिला कार्यकर्ता का भी मनोबल बढ़ा है और महिला कार्यकर्ता जो पहले अपने आप को संगठन में अपेक्षित महसूस करती थी, आज पूरी ताकत के साथ संगठन से लेकर सरकार में कार्य कर रही है। महिलाओं को ये महसूस होने लगा है कि उनकी पार्टी में अनदेखी नहीं होगी। भाजपा पार्टी ने पंचायत में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण व लोकसभा से लेकर विस में 33 % आरक्षण देकर महिला हितैषी होने का प्रमाण पहले ही दे दिया है। अब डॉ. अर्चना को प्रदेश अध्यक्ष बनाकर ये साबित भी कर दिया है कि पार्टी महिलाओं को संगठन व सरकार में पुरुषों के बराबर हिस्सेदारी देने जा रही है।




उचाना। छात्तर स्कूल में आयोजित कार्यक्रम। फोटो :हरिभूमि

### छात्तर राजकीय स्कूल में विद्यार्थी सीखेंगे फ्रेंच भाषा

**उचाना।** हरियाणा शिक्षा विभाग की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छात्तर में फ्रेंच भाषा शिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही यह विद्यालय जिला जींद का पहला राजकीय विद्यालय बन गया है, जहां विद्यार्थियों को फ्रेंच भाषा सिखाई जाएगी। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय में स्थापित फ्रेंच रूम के शुभारंभ से हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी सहारण, उप जिला शिक्षा अधिकारी पुष्पा मोर, खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

प्राचार्य सतीश शर्मा ने कहा कि फ्रेंच विश्व के 29 देशों की आधिकारिक भाषा है। इसे सीखने से विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन, कूटनीति और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर आगे बढने का अवसर प्रदान करेगी।

## बेटियां बनेंगी उपभोक्ता जागरूकता की ब्रांड एंबेसडर : आरती चौधरी

# छात्राओं ने उपभोक्ता अधिकार, गुणवत्ता मानकों और डिजिटल सुरक्षा के गुर सीखे

जागरूकता ही उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान और धोखाधड़ी से बचाने का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन द्वारा कंज्यूमर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया हरियाणा के सहयोग से भारतीय मानक ब्यूरो के विद्यार्थी प्रशिक्षण एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संस्था के कार्यालय में किया गया। इसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उपभोक्ता अधिकारों, उत्पाद गुणवत्ता, डिजिटल सुरक्षा तथा शिकायत निवारण प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भारतीय मानक ब्यूरो हरियाणा शाखा कार्यालय की स्टैंडर्ड प्रमोशन ऑफिसर आरती चौधरी ने छात्राओं को आईएसआई मार्क, हॉलमार्क, गुणवत्ता मानकों तथा असली-नकली उत्पादों की पहचान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन खरीदारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, साइबर एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव और नेशल कस्टमर हेल्पिंग के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई। कहा कि जागरूकता ही उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान और धोखाधड़ी से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। आरती चौधरी ने कहा कि डिजिटल दौर में प्रत्येक नागरिक विशेषकर विद्यार्थियों का अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी है। आईएसआई मार्क, हॉलमार्क और गुणवत्ता मानकों की जानकारी सुरक्षित खरीदारी में मदद करती है। संस्था के अध्यक्ष एवं सीसीआई हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार भोला ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना नही बल्कि विद्यार्थियों विशेषकर बेटियों को उपभोक्ता अधिकारों का सशक्त दूत बनाना है। सही जानकारी उपभोक्ताओं को ठगी, भ्रामक विज्ञापनों, नकली उत्पादों और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साइकोलॉजिस्ट किरण सिंधु, एडवोकेट सुशीला धनखड़, डा. संदीप, आईटी प्रमुख अंकिता खटकड़ आदि मौजूद रहे।


उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों के साथ मौजूद स्टैंडर्ड प्रमोशन ऑफिसर आरती चौधरी।


जींद। पौधे उठाए हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### स्वच्छ व हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया

**जींद।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पौधरोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक द्वारा पौधरोपण कर किया । इसके पश्चात विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से वृक्षारोपण किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। विद्यार्थियों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल संरक्षण करने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। शिक्षा विभाग व पर्यावरण विभाग की सहायता से विद्यालय में पौधारोपण का कार्यक्रम पूर्ण सफल रहा। संस्कृताचार्य बिजेन्द्र शास्त्री ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिल कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली तथा अपने जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने का संकल्प भी लिया।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**सीवन।** गुहला के एसडीएम मनीष यादव ने बुधवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सीवन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत एवं अनुशासन के साथ सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एसडीएम मनीष यादव ने विद्यार्थियों से उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में बातचीत की और पूछा कि वे आगे चलकर क्या बनना चाहते हैं।

### धान खरीद को लेकर किया जागरूक

**सीवन।** खरीफ विपणन सीजन 2026-27 के मद्देनजर मार्केट कमेटी सीवन कार्यालय में किसानों की जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर सैनी खानपुर तथा वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल ने की। बैठक में किसानों को धान खरीद प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों और ऑनलाइन पंजीकरण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। चेयरमैन शमशेर सैनी ने कहा कि सरकार किसानों की फसल खरीद को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने के लिए पूरी तरह गंभीर है।

### चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**कैथल।** पट्टी अफगान में निर्माणाधीन न्यू फैरैंडस मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री में चोरी हो गई। सिटी थाना पुलिस ने फैक्ट्री संचालक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस को दी शिकायत में पट्टी अफगान निवासी पाला राम ने बताया कि 28 जुलाई को दोपहर करीब 1:15 बजे फैक्ट्री पहुंचने पर चोरी का पता चला। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर देखा गया कि 25 जुलाई की सुबह करीब 4:32 बजे एक अज्ञात फैक्ट्री के कमरे में दाखिल हुआ और करीब आधे घंटे बाद सुबह 5:02 बजे घरेलू सामान लेकर बाहर निकल गया।

### कैथलः युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** सीवन थाना क्षेत्र के एक गांव से 21 साल की युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले में युवती के पिता की शिकायत पर सीवन थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि 28 जुलाई को सुबह करीब 9:30 बजे वह परिवार सहित रिश्तेदारी में गया हुआ था। पीछे से उसकी बेटी नेहा घर से बिना बताए कहीं चली गई।

### गांव बदनारा में होने वाला रात्रि प्रवास कार्यक्रम रद्द

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि 30 जुलाई को गांव बदनारा के राजकीय स्कूल में आयोजित होने वाला रात्रि प्रवास कार्यक्रम प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। जारी किए गए पत्र के अनुसार संबंधित विभागों के अधिकारियों को सूचित किया गया है। 30 जुलाई को गांव पाई में आयोजित होगा।

### ट्रांसफार्मर से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** चीका के गांव अजीमगढ़ में खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से आंतरिक सामान चोरी हो गया। गुहला थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गुहला के एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि उपभोक्ता की ओर से शिकायत दी गई थी कि 23-24 जुलाई की मध्यरात्रि को गांव आजीमगढ़ स्थित खेत में लगे 16 केवीए ट्रांसफार्मर से अज्ञात चोर आंतरिक सामग्री चोरी कर ले गए। मामले की जांच क्षेत्र के जेई जंगीर सिंह से कराई गई। जांच रिपोर्ट अनुसार चोरी हुए सामान की कीमत 82 हजार 800 रुपए है। संबंधित बिजली कनेक्शन सुचा सिंह के नाम पर दर्ज है, जबकि वर्तमान में इसका उपयोग कुलबीर सिंह कर रहे हैं।

## जाट शिक्षण संस्था के प्रधान ने किया प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

# जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा के दूसरे दिन 3000 छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**आयु वर्ग 17: खो खो लड़कियों में प्रथम स्थान पर कैथल ब्लॉक रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला स्तरीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जाट शिक्षण संस्था के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने किया। इस मोके पर वशिष्ठ अतिथि उप प्रधान बृजेंद्र सिंह, सचिव रश्मि ढुल, कोशा अध्यक्ष बलकार नैन ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता के स्केटिंग आयु वर्ग 14 इनलाइन लड़कियों में प्रथम स्थान मानवी माइलस्टोन दूसरे स्थान पर लवप्रीत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन , आयु वर्ग 14 स्क्वाड प्रथम स्थान यावी ओ एस डी ए वी स्कूल कैथल दूसरे स्थान पर ख्वाहिश इंडस स्कूल रहा, आयु वर्ग 17 स्क्वाड में प्रथम स्थान वंशिका ओएसडीएवी दूसरे स्थान पर आराध्या दर्शन अकैडमी रही, आयु वर्ग 17 इन लाइन में प्रथम तांसी तंवर आर्यन स्कूल रही, स्केटिंग आयु वर्ग 19 स्क्वाड में प्रथम स्थान राफिया आर्य स्कूल रही दूसरे स्थान पर जीविका शिव शिक्षा शांगन रही, आयु वर्ग 19 प्रथम हाशमी दिल्ली पब्लिक स्कूल रही, वही टेबल आयु वर्ग 14 में टेबल टेनिस में प्रथम स्थान ओएसडीएवी स्कूल कैथल दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जखोली अड्डा रहा आयु वर्ग 17 टेबल टेनिस लड़कियों में प्रथम स्थान ओएसडीएवी स्कूल कैथल दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या पृष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अड्डा रहा आयु वर्ग 19 प्रथम स्थान पर राजकीय कन्य विष्ट माध्यमिक विद्यालय रहा दूसरे स्थान पर ओएसडीएवी कैथल रहा, वही फुटबॉल में आयु वर्ग 14 लड़कों में प्रथम स्थान पर कैथल रहा, आयु वर्ग 17 में लड़कों में प्रथम स्थान पुंडरी ब्लॉक रहा, वायु वर्ग 19 फुटबाल लड़कों में प्रथम स्थान पुंडरी ब्लॉक रहा, आयु वर्ग 14 के लड़कियों में प्रथम स्थान कैथल ब्लॉक रहा दूसरे स्थान पर कलायत ब्लॉक रहा, आयु वर्ग 17 के लड़कियों में प्रथम स्थान पुंडरी रहा दूसरे स्थान पर कलायत ब्लॉक रहा, आयु वर्ग 19 के लड़कियों में प्रथम स्थान कैथल ब्लॉक रहा दूसरे स्थान पर गुलहा ब्लॉक रहा, आयु वर्ग 14 खो खो लड़कियों में प्रथम स्थान पर पुंडरी ब्लॉक रहा दूसरे स्थान पर कैथल ब्लॉक रहा आयु वर्ग 17 खो खो लड़कियों में प्रथम स्थान पर कैथल ब्लॉक रहा दूसरे स्थान पर पुंडरी ब्लॉक रहा आयु वर्ग 19 खो खो लड़कियों में प्रथम स्थान पर पुंडरी ब्लॉक रहा दूसरे स्थान पर कैथल ब्लॉक रहा,वेटलिफ्टिंग लड़कियों में आयु वर्ग 17 के 48 किलो भार में प्रथम जसमीत डीएवी पुलिस दूसरे स्थान पर स्नेहा राकविमावि कैथल, 53 किलो भार में प्रथम अन्नू रानी ग्लोबल स्कूल खरका,58 किलो भार में प्रथम गुर्जल ओ एस डी ए वी रही दूसरे स्थान पर नूर डी ए वी पुलिस रही । 63 किलो भार में प्रथम दक्षमिता ओएसडीएवी रही दूसरे स्थान पर ईशा डी ए वी पुलिस रही ।



कैथल। जाट शिक्षण संस्था के प्रधान राजकुमार बेनीवाल खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए।

### ये रहे विजेता

69 किलो भार में प्रथम इशिका गर्ल गुरुकुल कलायत दूसरे स्थान पर वर्षा रा व मा वि नरड रही । 77 किलो भार में ख़ुशी डीएवी पुलिस प्रथम रही । वही आयु वर्ग 19 में 48 किलो भार में प्रथम अंशिका ओएसडीएवी, दूसरे स्थान पर डिंपल ग्लोबल स्कूल खरका रही । 58 किल्लो भार में प्रथम श्रया प्रथम डी ए वी पुलिस कैथल दूसरे स्थान पर नंदनी एम डीएम कलायत रही । 63 किलो भार में प्रथम तनिष्का ओसेडीएवी रही । 69 किलो भार में प्रथम दीपिका डीएवी पुलिस कैथल दूसरे स्थान पर ख़ुशी गर्ल गुरुकुल कलायत रही । 86 किलो भार में प्रथम भूमिका गर्ल गुरुकुल कलायत रही । +86 किल्लों भार में प्रथम वाहिनी डी ए वी पुलिस कैथल और दूसरे स्थान पर अन्वी ओसेडीएवी रही, आयु वर्ग 19 नेता बाल लड़कियों में प्रथम स्थान ओएसडीएवी कैथल दूसरे स्थान पर आरकेएसडी स्कूल कैथल आयु वर्ग 17 लड़कियों में प्रथम स्थान ओएसडीएवी कैथल दूसरे स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैथल रहा, आयु वर्ग 14,17,19 वॉलीबॉल लड़कियों में प्रथम स्थान पर पुंडरी ब्लॉक रहा दूसरे स्थान पर कैथल ब्लॉक रहा । वही जूडो आयु वर्ग 19 लड़कियों 36 किलों भार में प्रथम सकीना र व माँ वी पुंडरी रहा दूसरे स्थान पर मंडीपाल गुहना रही , 40 किलो में प्रथम एकता गेयोंग दूसरे स्थान पर प्रीति सोंगल रही । 44 किलो भार में प्रथम मन्नू बरसाना दूसरे स्थान पर पायल बाता रही ।



राजौंद। सेरहदा स्कूल में आयोजित खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी व उपस्थित स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### प्रतियोगिता में 52 विद्यार्थियों ने भाग लिया

**राजौंद।** राजकीय वमावि सेरधा में खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता जनसंख्या शिक्षा अनुभाग की मुखिया सुनीता , एससीईआरटी हरियाणा, गुरुग्राम के मार्गदर्शन तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सह डाइट प्राचार्य प्रमोद कुमार राणा के नेतृत्व में जिला कैथल के प्रत्येक खंड से चयनित पांच विद्यालयों में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार ने किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के लगभग 52 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को संसद की कार्यप्रणाली को समझने का अवसर मिला, साथ ही उनके संचार कौशल, नेतृत्व क्षमता, वाद-विवाद कौशल में भी वृद्धि हुई। प्रतियोगिता के दौरान कुल 11 प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिससे विद्यार्थियों में सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों के प्रति जागरूकता बढ़ी। इस दौरान जितेंद्र, कुलदीप रामपाल, सोम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



राजौंद। प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

### जिला स्तरीय खेलों में जाखौली का दबदबा

**राजौंद।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे जिले में रोशन किया। विद्यालय के छात्र प्रिंस पुत्र सतीश निवासी सोंगल ने अंडर-17 जूडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं छात्र विनीत पुत्र राजेश ने अंडर-14 बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अभ्यास, अनुशासन, समर्पण और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी छात्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राचार्य ने विश्वास जताया कि विद्यालय के खिलाड़ी भविष्य में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं, कार्यालय स्टाफ तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## समरस संकल्प अभियान का उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना : डॉ. रेखा रानी

- अभियान से समाज में मजबूत होगा सामाजिक भाईचारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

नगरपालिका चीका की चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी ने दूरभाष पर बताया कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार समरस संकल्प अभियान के तहत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धन, वाराणसी से पवित्र मिट्टी को कलश में लेकर हरियाणा लाने के लिए प्रदेश से एक प्रतिनिधिमंडल रवाना हुआ है। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सत्य प्रकाश जरावता, प्रदेश अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, हरियाणा एवं पूर्व विधायक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल 30 जुलाई को गुरुग्राम पहुंचेगा, जहां हरियाणा सरकार के मंत्री एवं पदाधिकारी कलश यात्रा का स्वागत करेंगे। इसके बाद पवित्र मिट्टी को कलश यात्रा के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों, ब्लॉकों और गांवों तक पहुंचाया जाएगा।उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।



गुहला-चीका। कार्यक्रम में शामिल चेयरपर्सन डॉ. रेखा रानी एवं अन्य प्रतिनिधि।

### जय हनुमान व्यायामशाला के पहलवान छाए

**राजौंद।** गुरु तेग बहादुर स्टेडियम खानपुर में मंगलवार को आयोजित जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता की फ्री स्टाइल कुश्ती स्पर्धा में जय हनुमान व्यायामशाला समिति, कैथल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न भार वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था और जिले का नाम रोशन किया।अंडर-14 वर्ग में 68 किग्रा भार वर्ग में अंशु (पुत्र श्री सुनील कुमार), 52 किग्रा में लव्या, 62 किग्रा में गुरप्रीत 38 किग्रा में समीर ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया।
अंडर-17 वर्ग में 60 किग्रा में पंकज 92 किग्रा में गुरप्रीत 65 किग्रा में लवप्रीत तथा 80 किग्रा में अमन ने भी अपने-अपने भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते।अंडर-19 वर्ग में 65 किग्रा भार वर्ग में दीपक ने स्वर्ण पदक जीतकर संस्था की उपलब्धियों में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ा।



राजौंद। जय हनुमान व्यायामशाला समिति के विजेता खिलाड़ी एवं कोच जोंनी।



पूड़री। छात्रों को मेडिटेशन एवं प्रेरक व्यक्तित्व विषय पर संबोधित करते आचार्य पवन।

### कार्यशाला में छात्रों को सफलता का दिया मंत्र

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए बुधवार को मेडिटेशन एवं प्रेरक व्यक्तित्व विषय पर एक प्रेरणादायी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने की। इस अवसर पर शिक्षाविद एवं मेडिटेशन विशेषज्ञ आचार्य पवन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य एवं स्टाफ ने आचार्य पवन का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य पवन ने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और अन्य कौशल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समय का सदुपयोग करने वाला विद्यार्थी ही अपने जीवन का लक्ष्य प्राप्त करता है। सफलता किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल होती है।

## समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

### हरियाणा लेबर फैडरेशन के अध्यक्ष विद्यार्थियों से रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

हरियाणा लेबर फैडरेशन के अध्यक्ष देवेंद्र पांचाल ने बुधवार को गांव पाई स्थित सार्वजनिक लाइब्रेरी का दौरा किया। उनके आगमन पर लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न विषयों की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों ने फूल-मालाएं पहनाकर तथा जोरदार तालियों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान लाइब्रेरी का माहौल उत्साह और ऊर्जा से भर गया। स्वागत समारोह के बाद देवेंद्र ने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद किया। उन्होंने एक-एक विद्यार्थी से उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। विद्यार्थियों ने भी बेझिझक अपनी समस्याएं और सुझाव उनके सामने रखे। किसी ने पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी, किसी ने बैठने की व्यवस्था, तो किसी ने अन्य आवश्यक सुविधाओं की मांग रखी। विद्यार्थियों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना समाज और सरकार दोनों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लाइब्रेरी से संबंधित सभी समस्याओं को संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा।



पूंडरी। लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से संवाद के दौरान चेयरमैन देवेंद्र पांचाल।

## न्यूज डायरी

### हवन के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराओं के अनुरूप हवन-यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का आरंभ कालेज के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य स्मृति को नमन करने से हुआ। इसके उपरांत हवनमें महाविद्यालय प्रबंधन समिति के महासचिव करण सिंह, कार्यकारिणी के सदस्य, प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल, समस्त प्राध्यापक, तथा विद्यार्थियों ने आहुतियां अर्पित कर नए शैक्षणिक सत्र के सफल, ज्ञानवर्धक एवं मंगलमय होने की कामना की।

### तलवारबाजी प्रतियोगिता में साजिद जिले में प्रथम

**राजौंद।** रोहेड़ा रोड स्थित ज्ञान दीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजौंद के विद्यार्थियों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी किसी से पीछे नहीं हैं। खंड स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद साजिद ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन जारी रखा। 14 वर्षीय आयु वर्ग की तलवारबाजी प्रतियोगिता में साजिद ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया।विद्यार्थी की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल रहा, स्कूल प्रबंधक कुलबीर दीक्षित व प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने साजिद को बधाई दी।

### द्वितीय मेरिट लिस्ट आज होगी जारी

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज, कैथल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक कक्षाओं की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा द्वारा जारी संशोधित प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार प्रथम मेरिट लिस्ट के अंतर्गत फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 29 जुलाई 2026 कर दी गई है। ऐसे विद्यार्थी, जिनका नाम प्रथम मेरिट लिस्ट में आया था लेकिन जिन्होंने अभी तक फीस जमा नहीं करवाई है, वे आज 29 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवाकर प्रवेश सुनिश्चित कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में मनप्रीत द्वितीय

**कलायत।** कलायत में रेलवे स्टेशन के पास स्थित आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र मनप्रीत ने जिला स्तरीय जूडो-कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। गांव पिंजूपुरा के इस प्रतिभावान बेटे ने अपने प्रदर्शन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है।
मनप्रीत के पिता बाब्बर ने अपने पुत्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास से यह उपलब्धि संभव हुई है। उन्होंने कहा कि आगे भी मनप्रीत राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

### पर्यावरणीय मानदंडों के उल्लंघन पर संज्ञान लिया

**कैथल।** गांव खुराना के निवासियों द्वारा नगरपालिका ठोस अपशिष्ट लैंडफिल में लंबे समय से चल रहे कुप्रबंधन और गंभीर पर्यावरणीय प्रदूषण के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण, प्रधान पीठ, नई दिल्ली में दायर मूल आवेदन संख्या 432/2026 पर 22 जुलाई 2026 को महत्वपूर्ण आदेश पारित हुआ। माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव तथा विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद की पीठ ने मामले को गंभीरता से लिया और प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए।

## अहलुवालिया चौक से कैंची चौक तक सीसी सड़क निर्माण अंतिम चरण में पहुंचा

# कैथल-करनाल मार्ग पर 16 करोड़ से जल्द होगा काम शुरू

*निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न हो*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

पूंडरी शहर की वर्षों पुरानी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि सामने आई है। अहलुवालिया चौक से पूंडरी कैंची चौक तक 4.35 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जा रही सीसी (सीमेंट कंक्रीट) सड़क का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। सडक़ के पूरा होने से शहरवासियों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इस सड़क के बनने से न केवल सफर आसान होगा, बल्कि लंबे समय से जाम और टूटती सड़क की परेशानी से भी स्थायी राहत मिलेगी। विधायक सतपाल जांबा ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से पूंडरी शहर में विकास कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अहलुवालिया चौक से कैंची चौक तक बनने वाली सीसी सड़क शहर की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है, जिस पर लगातार निगरानी रखी गई ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता न हो। उन्होंने बताया कि समय-समय पर स्वयं कार्य का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, ताकि लोगों को मजबूत और टिकाऊ सड़क मिल सके।



पूंडरी। अहलुवालिया चौक से कैंची चौक तक बन रही सीसी सड़क ।

### विधायक का आभार व्यक्त किया

शहरवासियों ने बताया कि पहले इस मार्ग के बीच बना चौड़ा फुटपाथ यातायात में बाधा बनता था। सड़क संकरी होने के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। बरसात के दिनों में जगह-जगह गड्ढे बनने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता था। अब नई सीसी सड़क बनने और मार्ग के बेहतर स्वरूप से यातायात सुगम होगा तथा जाम की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। लोगों ने विधायक सतपाल जांबा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से शहर को एक बड़ी सौगात मिली है। विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि पूंडरी के विकास का सिलसिला लगातार जारी रहेगा। कहा कि जल्द ही कैथल-करनाल मार्ग पर डीएवी स्कूल से सत्संग घर तक लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से स्मार्ट रोड योजना के तहत आधुनिक सीसी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस सड़क पर आकर्षक एवं आधुनिक सजावटी एलईडी लाइटें भी लगाई जाएंगी,उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य शीघ्र शुरू करवाया जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य शहरों को आधुनिक आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित करना है। पूंडरी में भी सड़क, जल निकासी, सौंदर्यीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं।

**बेदखली सूचना**

मैं बिजेन्द्र पुत्र बारू राम निवासी गांव धडौली तह. पिल्लूखेड़ा जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे पुत्रान आशिष व उत्तम जोकि विवाहित हैं, मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं अपने पुत्रों आशिष व उत्तम को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उपरोक्त दोनों से लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, कृष्ण पुत्र सीता राम निवासी ग्राम अलेवा तहसील अलेवा, जिला जींद, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### संजीव घारू आज करेंगे कैथल का दौरा

**कैथल।** हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य एवं अधिवक्ता संजीव घारू 30 जुलाई को कैथल में दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे सफाई कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों के कल्याणकारी उपायों, सेवा शर्तों, वैधानिक सुरक्षा प्रावधानों, कार्य परिस्थितियों तथा उनकी शिकायतों की समीक्षा करेंगे। सुबह 10 बजे कैथल शहर के विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करेंगे।

### मूर्ति स्थापना की 12वीं वर्षगांठ पर हवन

**उचाना।** शहर के प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर में बुधवार को 12वीं मूर्ति स्थापना वर्षगांठ श्रद्धा एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लाला प्रभुदयाल चौधरी धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी सत्यनारायण शांडिल्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि-विधान से हवन संपन्न करवाया।

### बच्चों को बताया मानव जीवन में पौधे का महत्व

**जींद।** स्थानीय महाराजा अग्रसेन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बताया गया कि पेड़ व पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ व पौधे लगाना केवल एक गतिविधि नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, स्वस्थ वातावरण और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने का संकल्प है। विद्यालय प्रधान महावीर गुप्ता ने बच्चों को पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है।

### नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी काबू

**राजौंद।** थाना राजौंद पुलिस ने नाबालिगा से दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की थाना राजौंद क्षेत्र निवासी एक 17 वर्षीय नाबालिग युवती की शिकायत अनुसार उसके पड़ोस में रहने वाले एक अजय नामक युवक से उसकी बातचीत होती थी। 18 जुलाई की रात बहला फुसला कर युवक ने उसे उसके घर बुलाया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत प्राप्त होने के बाद 28 जुलाई को थाना राजौंद में पोक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। नियमानुसार पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया।

### किसान पर लाठी-डंडों से हमला, 4 पर केस

**कैथल।** गांव सांच में खेत में काम कर रहे व्यक्ति के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। इस मामले में पूंडरी थाना पुलिस ने 4 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव सांच निवासी अंकित ने बताया कि 24 जुलाई की सुबह उसके पिता जगदीश खेत में खरपतवार साफ कर रहे थे। इसी दौरान गांव के महेंद्र, राहुल, संजू और श्यामों ने रंजिश के चलते लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर वह और उसकी मां बचाव के लिए पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई।

### गुरु पूर्णिमा पर हुआ सम्मान समारोह

**उचाना।** गुरु पूर्णिमा पर स्वामी गणेशानन्द सनातन धर्म शिक्षण महाविद्यालय उचाना कलां में कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक विनोद कुमार वशिष्ठ ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मार्गदर्शन देने वाले सच्चे पथप्रदर्शक होते हैं। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा के आदर्शों का अनुसरण करते हुए अनुशासन, और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

# राशन गबन की शिकायत पर डिपो होल्डर पर एफआईआर के निर्देश

## एक शिकायत पर गठित की जांच कमेटी, सात शिकायतों का मौके पर निपटान

- जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री श्याम सिंह राणा ने सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आमजन की शिकायतें सुनीं। बैठक में 7 पुरानी एवं 5 नई शिकायतों पर सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सात शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया गया, जबकि पांच मामलों में जांच के आदेश देकर अगली बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। एक राशन गबन की शिकायत पर डिपो होल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए, वहीं सेक्टर 19 पार्ट-1 में ग्रीन बैलेट विकसित न करने की शिकायत में एडीसी की अध्यक्षता में जांच कमेटी गठित की गई। मंत्री ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। डीएवी कॉलोनी निवासी मूर्ति देवी की वर्षों से सीवर लीकेज के कारण मकान क्षतिग्रस्त होने की शिकायत दी थी, जिस पर जनस्वास्थ्य विभाग ने मंत्री को अवगत करवाया कि नया मैनहोल बनाकर समस्या का समाधान कर दिया गया है। लेकिन शिकायतकर्ता द्वारा मकान के नुकसान की भरपाई की गुहार लगाई गई, जिस पर मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बीपीएल परिवार को दी जाने वाली आर्थिक सहायता के तहत परिवार की मदद की जाएगी। नई शिकायतों में गांव मुंदड़ी निवासी राज कुमार द्वारा जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने संबंध में की थी। जिस पर पुलिस ने बताया कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, चार के विरुद्ध चालान पेश हो चुका है तथा एक आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। मामले की जांच जारी रहने के कारण इसे लंबित रखा गया। गांव पाई निवासी कर्मबीर ने अपनी शिकायत में बताया कि उसने भाणा गांव में वीरभान के घर लगभग तीन महीनें पहले मजदूरी का कार्य ठेके के आधार पर किया था। उस कार्य की मजदूरी के 82,000 रुपये बकाया हैं। जिस पर मंत्री ने मकान की दोबारा माप करवाकर नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा मामला अगली बैठक तक लंबित रखा।

### प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही सरकार : श्याम सिंह राणा

**कैथल।** हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य पालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण, किसानों की आय बढ़ाने तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार को जिला कष्ट एवं निवारण समिति की बैठक उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार हमेशा गंभीर और संवेदनशील है। वीटा को दूध बेचने वाली डेयरी व्यवसाय से जुड़ी महिलाओं को 10 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने की सरकार की घोषणा महिला सशक्तिकरण की दिशा में अच्छा कदम है। इससे गांव में डेयरी व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी, महिलाओं का कार्य आसान होगा और परिवार की आय बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी प्रमुख फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदती है। यदि किसी फसल की एमएसपी से कम कीमत मिलती है तो भावांतर भरपाई योजना के माध्यम से किसानों को राहत प्रदान की जाती है।


जींद। मीटिंग में मौजूद करियाना मर्चेंट एसोसिएशन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# करियाना मर्चेंट एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

- संजय मित्तल प्रधान और नीरज जैन महासचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

व्यापार मंडल जींद से जुड़ी प्रमुख एवं पुरानी करियाना मर्चेंट एसोसिएशन जींद की बैठक एक निजी होटल में आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से संजय मित्तल को एसोसिएशन का प्रधान और नीरज जैन को महासचिव मनोनीत किया गया। नवनियुक्त प्रधान संजय मित्तल ने कहा कि करियाना रिटेल व्यापारी सुबह छह बजे से रात 11 बजे तक अपनी दुकान पर रहकर समाज की जरूरतों को पूरा करने में जुटे रहते हैं। कई बार वे अपने परिवार को भी पर्याप्त समय नहीं दे पाते। ऐसे में उनके योगदान और मेहनत की कद्र की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर के प्रत्येक करियाना मर्चेंट से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर संगठन को मजबूत किया जाएगा और अधिक से अधिक दुकानदारों को एसोसिएशन से जोड़ा जाएगा।

### व्यापारियों के हितों की रक्षा करेगा संगठन

इस अवसर पर व्यापार मंडल जींद के प्रधान महावीर कंप्यूटर ने कहा कि व्यापार मंडल दुकानदारों और व्यापारियों का अपना संगठन है, जो उनके हितों और सुरक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी ट्रेड यूनियन या एसोसिएशन को कोई समस्या आती है तो व्यापार मंडल उसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। करियाना मर्चेंट एसोसिएशन के व्यापार मंडल से जुडने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक दुकानदारों को साथ जोड़ा जाना चाहिए। महावीर कंप्यूटर ने कहा कि व्यापार मंडल से अब तक 36 ट्रेड यूनियन जुड़ चुकी हैं और करीब चार से पांच हजार दुकानदार सीधे संगठन से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 30 वर्षों से व्यापारियों के हितों के लिए लगातार संघर्ष किया गया है और व्यापारियों की एकजुटता के बल पर विभिन्न मुद्दों पर सफलता हासिल हुई है। उन्होंने सभी व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि उनके हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए व्यापार मंडल हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा।

# नेशनल कन्वेंशन में संयुक्त किसान मोर्चा की 7 मांगों को किया स्वीकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- 10 अगस्त को गरजेगा संयुक्त किसान मोर्चा


कैथल। दिल्ली कन्वेंशन में भाग लेने पहुंचे संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी ।

संयुक्त किसान मोर्चा का नेशनल कन्वेंशन दिल्ली स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें 7 मांगें स्वीकार की गईं हैं। इनमें शामिल हैं: भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को न करना और सभी FTA को रद्द करना। सभी फसलों की गारंटीकृत खरीद के साथ कानून बनाना, ग्रामीण कर्ज और किसानों व दिहाड़ी मजदूरों की आत्महत्या को खत्म करने के लिए पूरा कर्ज माफ करना और आत्महत्या करने वाले प्रत्येक किसान परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा देना, 4 लेबर कोड को खत्म करना, सभी मजदूरों के लिए 26,000 रुपये का न्यूनतम वेतन; मनरेगा को बहाल करना जिसमें 200 दिन का काम और 700 रुपये मजदूरी सुनिश्चित हो, बिजली निजीकरण बिल 2025, बीज बिल 2025 और एनएफएसए संशोधन बिल को वापस लेना; जबरन जमीन अधिग्रहण न करना; कॉर्पोरेट-समर्थक भूमि पूलिंग न करना आदि शामिल हैं।


उचाना। जीवनी देवी की अंतिम यात्रा में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

### नम आंखों से दी जीवनी देवी को अंतिम विदाई

**उचाना।** प्रमुख समाज सेवी एवं भाजपा नेता महेंद्र लोधर की धर्मपत्नी जीवनी देवी (57) का मंगलवार देर शाम निधन हो गया। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस मौके पर सुदेश चोपड़ा, रामनिवास करसिंधु, सुरेंद्र खरकभूरा, सुरेंद्र गर्ग, सज्जन चौधरी, रामचंद्र अत्री, सत्यनारायण मखंड, चांदी मांडी, भगवानदास नरवाना, डॉ. ऋषि मित्तल, योगेश कसूहन, श्रीकांत, राजू शर्मा, शीलू बुडायन, चिमन अलीपुरा, अमित कापड़ो, महेंद्र खापड़ सहित बड़ी संख्या में लोग मोक्ष वाटिका अंतिम यात्रा के साथ पहुंचे।

# महिला सफाई कर्मचारियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ फूंका पंजाब के सीएम का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। पंजाब के सीएम का पुतला दहन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कैथल के कर्मचारियों ने नगर परिषद कैथल पर एकत्रित होकर पेहवा चौक तक जोरदार प्रदर्शन करके चौक पर मुख्य मन्त्री पंजाब सरकार के पुतले का दहन किया और तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने किया तथा संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए संघ के राज्य मुख्य संगठन व एसकेएस जिला सचिव शिवचरण, एसकेएस जिला प्रधान ओमपाल भाल ने कहा की पंजाब के सफाई कर्मचारी ठेकेदारी प्रथा समाप्त करके सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना व अन्य मांगों को लेकर अनंदोलन पर हैं ओंर बरनाला मे सफाई कर्मचारियों के अनंदोलन पर पुरूष पुलिस कर्मचारियों द्वारा बर्बर तरिके से लाठीचार्ज किया गया। इसमें महिला समेत कई कर्मचारियों को गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। इसे लेकर पूरे प्रदेश में पंजाब के मुख्य मन्त्री भगवत मान का पुतला दहन किया।


जींद। मंच पर प्रस्तुति देते हुए छात्र।

### गुरुओं के प्रति कृतज्ञता का अनुपम उत्सव है गुरु पूर्णिमा : सिहाग

**जींद।** गुरू पूर्णिमा के पावन एवं आध्यात्मिक अवसर पर आधारशिला विद्यालय में श्रद्धा, सम्मान एवं भारतीय संस्कृति की अनुपम छटा से ओतप्रोत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशिका, प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गुरू महिमा पर आधारित प्रेरणादायी भाषण, मनोहारी समूहगान, काव्य पाठ तथा सास्कृतिक प्रस्तुतियां देकर गुरू-शिष्य परंपरा की गरिमा को साकार किया। समारोह में विद्यार्थियों ने अपने गुरूजनों का पारंपरिक भारतीय संस्कृति के अनुरूप तिलक लगा कर, सम्मान स्वरूप दुपट्टा पहना कर तथा पुष्प अर्पित कर अभिनंदन किया। गुरूओं के प्रति इस भावपूर्ण प्रस्तुति से संपूर्ण वातावरण को भक्तिमय एवं भावविभोर बना दिया।

### कपिल मुनि धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया



**कलायत।** कलायत के प्राचीन कपिल मुनि धाम में गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमडने लगी। मंदिर पुजारी संजय गौतम और अनिरुद्ध गौतम की देखरेख में धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियां प्रातःकाल से ही शुरू हो गई थीं। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया और पूजा-अर्चना के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान कपिल मुनि के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में भाग लेकर गुरु परंपरा का गुणगान किया। मंदिर पुजारी संजय गौतम ने श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### स्कूल में मनेगा स्वतंत्रता दिवस समारोह


गुहला चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**गुहला-चीका।** एसडीएम मनीष कुमार यादव ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य, शानदार और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के ग्राउंड में होगा। कार्यक्रम में देश भक्ति व विभिन्न लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। एसडीएम ने सभी विभागों को उनकी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटियां जिस भी कार्य के लिए लगाई गई हैं, वे अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निर्वहन करें। नायब तहसीलदार बलराज मलिक को इस कार्यक्रम का नोडल अधिकारी होगें। एसडीएम मनीष कुमार यादव ने बुधवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान चीका में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दृष्टिगत संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देश दे रहे थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण


राजौंद। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 'बचपन बड़ी' योजना की जानकारी देते अधिकारी।

**राजौंद।** शहर के रश्मि व शबनम आंगनवाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग की ओर से दिव्या ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 'बचपन बड़ी' कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के समग्र विकास के लिए इस कार्यक्रम से जुड़ना बेहद आवश्यक है। इसके तहत हर सप्ताह अभिभावकों के व्हाट्सएप पर बच्चों के लिए मजेदार और सीखने से जुड़ी गतिविधियां भेजी जाएंगी, जिन्हें माता-पिता अपने बच्चों के साथ घर पर करवाएंगे। प्रशिक्षण में बच्चों के साथ प्यार, संवाद और खेल-खेल में सीखने के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सावित्री देवी ने बताया कि बच्चों के चार प्रमुख अधिकार होते हैं—जीवन का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, विकास का अधिकार और सहभागिता का अधिकार।

**स्पर्धा** जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

# बैडमिंटन में नरवाना व जींद ने मारी बाजी खो-खो में सफीदों और जींद रहे विजेता

लड़कों के मुकाबले तीन अगस्त तक चलेंगे, आज से शुरू होंगे लड़कियों के मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। प्रतियोगिता में दम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन बुधवार को लड़कों के विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले आयोजित किए गए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

एईओ मुनीत बेरवाल ने बताया कि जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता तीन अगस्त तक चलेगी। प्रतियोगिता के तहत लड़कों के फाइनल मुकाबले आयोजित किए गए। जबकि लड़कियों के मुकाबले 30 जुलाई से शुरू होंगे। बैडमिंटन के अंडर 17 आयु वर्ग में नरवाना ने प्रथम और उचाना ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 में जींद प्रथम और नरवाना द्वितीय रहा। बेसबॉल के अंडर 17 वर्ग में पिल्लूखेड़ा प्रथम और सफीदों द्वितीय, जबकि अंडर 19 में पिल्लूखेड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया। सॉफ्टबॉल के अंडर 17 वर्ग में सफीदों प्रथम और पिल्लूखेड़ा द्वितीय रहा। खो-खो के अंडर 14 वर्ग में सफीदों प्रथम और जींद द्वितीय, अंडर 17 में जींद प्रथम और जुलाना द्वितीय तथा अंडर 19 में सफीदों प्रथम और जींद द्वितीय स्थान पर रहा। बास्केटबॉल के अंडर 19 वर्ग में जुलाना ने प्रथम और जींद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### योग स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

योग के अंडर 14 ट्रेडिशनल वर्ग में ध्रुव प्रथम, प्रतीक द्वितीय और आयुष तृतीय रहे। आर्टिस्टिक योगा में पुष्पेश प्रथम, हिमांशु द्वितीय और शौर्य तृतीय रहे। अंडर 17 ट्रेडिशनल योग में दिव्यांश प्रथम, सौरव द्वितीय और शुभम तृतीय रहे। जबकि आर्टिस्टिक योग में दिव्यांश प्रथम और अर्पित द्वितीय स्थान पर रहे। फेंसिंग के अंडर 19 सेबर वर्ग में लोकेश प्रथम और कार्तिक द्वितीय रहे। फॉयल वर्ग में कार्तिक प्रथम और अंकुश द्वितीय रहे। जबकि ईपी वर्ग में अरमान प्रथम और योग्य द्वितीय स्थान पर रहे। कुश्ती के अंडर 14 आयु वर्ग में विभिन्न भार वर्गों में वंश, अंकुश, गोविंद, अभिनव, शिव, भारत, अंश, यौवन, हिमांशु और करमजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बॉक्सिंग और शूटिंग के मुकाबले देर शाम तक जारी रहे। प्रतियोगिता में लड़कियों के मुकाबले 30 जुलाई से शुरू होंगे।

### माता के विशाल जागरण में उमड़ा आस्था का सैलाब

**जींद।** भिवानी रोड अंडरपास पर महामाई चौगानन माता का पहला विशाल जागरण श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। जागरण में रुद्राक्ष मिड्ढा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। जबकि प्रमुख समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल व गऊ सेवा दल के संयोजक अतुल चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने माता के दरबार में पूजा, अर्चना कर सुख व समृद्धि की कामना की तथा आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन एवं मूर्ति स्थापना के साथ हुई। इसके बाद निकाली गई भव्य कलश यात्रा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ भिवानी रोड का भ्रमण किया। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।